दिनांक :11/09/2026 समय : 07.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री ने आज रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से की द्विपक्षीय वार्ता।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 25 सितंबर से मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू होगी।
- 5-डे बैंकिंग की मांग को लेकर आज प्रदेश के 40 हजार बैंक कर्मचारी रहे हड़ताल पर।
- सतना, रीवा, शहडोल सहित 12 पूर्वी जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी।

**ब्रिक्स शिखर सम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विश्व के नेता कल से शुरू होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए नई दिल्ली में एकत्रित हो रहे हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि सम्मेलन में विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक और सार्थक चर्चा होगी और इसका मार्गदर्शक उद्देश्य विश्व कल्याण होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आज शाम नई दिल्ली के भारत मंडपम में द्विपक्षीय वार्ता की। बैठक के दौरान श्री मोदी ने श्री पुतिन को कवि-दार्शनिक तिरुवल्लुवर द्वारा रचित प्राचीन तमिल ग्रंथ तिरुक्कुरल का रूसी अनुवाद भेंट किया। श्री मोदी और श्री पुतिन दोनों ने भारत मंडपम में स्थित इनोप्रोम प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

**परिवहन विज़न समिट**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज इंदौर में आयोजित यात्री परिवहन विज़न समिट-2026 में ऐलान किया कि वर्ष 2030 तक प्रदेश के 75 प्रतिशत गांवों तक आधुनिक और सुरक्षित बस सेवा पहुंचाई जाएगी।उन्होंने कहा कि प्रदेश में 25 सितंबर से मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा का शुभारंभ होने जा रहा है।

फ़ास्ट और लास्ट-माइल कनेक्टिविटी के लिए रैपिडो के साथ एमओयू किया गया है, जिसके तहत महिलाओं द्वारा संचालित 'रैपिडो पिंक' बाइक-टैक्सी सेवा को बढ़ावा मिलेगा। भोपाल और इंदौर में इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया जाएगा। लगभग दो दशकों बाद शुरू हो रही यह राज्य बस सेवा पूरे देश के लिए एक रोल मॉडल बनेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सागर जिले की दुखद घटना और कानून व्यवस्था को लेकर प्रशासन को कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि अवैध शराब कारोबार के मुख्य आरोपी को शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि नशे की प्रवृत्ति को कम करने के लिए प्रदेश में बड़े पैमाने पर नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा। तो वहीँ दूसरी तरफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत माफियाओं और अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। प्रशासन ने शाहगढ़ के ग्राम सिमरिया उवरी में बंडा अवैध शराब मामले के आरोपी चंद्रभान राजपूत के कब्जे से 4 दशमलव 79 हेक्टेयर शासकीय भूमि मुक्त कराई है। वहीं, एनएच-44 के किनारे अवैध रूप से विस्तारित सौरभ ढाबे को भी प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को दिव्यांग बच्चों ने मिट्टी से बनाई भगवान श्री गणेश की सुंदर प्रतिमाएं भेंट कीं। मुख्यमंत्री ने आज भोपाल में  बच्चों की प्रतिभा, मेहनत और सृजनशीलता की सराहना करते हुए कहा कि इन पर्यावरण अनुकूल प्रतिमाओं के माध्यम से बच्चों ने प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण का प्रेरक संदेश दिया है। उन्होंने गणेश चतुर्थी पर बच्चों द्वारा बनाई प्रतिमाएं खरीदकर उनका उत्साह बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप नगद राशि भी प्रदान की। ये प्रतिमाएं सीहोर स्थित वसुंधरा विशेष विद्यालय के बच्चों ने तैयार की हैं।

**शिवराज सिंह चौहान**

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज छत्तीसगढ़ में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। श्री चौहान ने  मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को 3 लाख 65 हजार से अधिक ग्रामीण आवासों के स्वीकृति-पत्र सौंपे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में शेष 18 लाख आवासों का निर्माण भी जल्द पूरा किया जाएगा।

कार्यक्रम में पंचायत पदाधिकारी एवं लखपति दीदी सम्मेलन भी आयोजित हुआ। श्री चौहान ने मुख्यमंत्री श्री साय और अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ पौधरोपण भी किया।

**बैंक कर्मचारी हड़ताल**

पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह लागू करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर मध्य प्रदेश में आज करीब 40 हजार बैंक कर्मचारी हड़ताल पर रहे। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर हुई हड़ताल से प्रदेश की करीब सात हजार बैंक शाखाओं में कामकाज प्रभावित हुआ। नकद जमा-निकासी, चेक क्लियरेंस, ऋण संबंधी कार्य और काउंटर सेवाएं प्रभावित रहीं। डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई और एटीएम सेवाएं सामान्य रही । हड़ताल के बाद कल दूसरा शनिवार और रविवार होने के कारण बैंक शाखाओं में नियमित कामकाज सोमवार से सामान्य होने की संभावना है।

गोटमार मेला

पांढुर्णा जिले  में आज आयोजित गोटमार मेले के दौरान जाम नदी में झंडे पर कब्जे को लेकर पांढुर्णा और सावरगांव पक्ष के बीच सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार पत्थरबाजी हुई। इस दौरान करीब एक हजार से अधिक लोग घायल हुए। पांच घायलों को नागपुर रेफर किया गया। घायलों के उपचार के लिए सात अस्थायी स्वास्थ्य केंद्र, 44 डॉक्टर और 22 एंबुलेंस तैनात किए गए। सुरक्षा के लिए 700 पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी की गई।

उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद से संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु तृतीय और अंतिम चरण की समय-सारणी जारी कर दी है। ऑनलाइन पंजीयन और आवेदन 13 सितम्बर तक किए जा सकेंगे। दस्तावेजों का सत्यापन 15 सितम्बर तक होगा। मेरिट सूची 16 सितम्बर को और सीट आवंटन 17 सितम्बर को किया जाएगा। इसके बाद 17 से 19 सितम्बर तक भौतिक सत्यापन और 17 से 20 सितम्बर तक प्रवेश शुल्क जमा किया जा सकेगा।

मौसम

प्रदेश में तीन दिन के विराम के बाद मानसून ने फिर रफ्तार पकड़ ली है। मौसम विभाग ने आज सतना, रीवा, शहडोल और बालाघाट समेत प्रदेश के 12 पूर्वी जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं बंगाल की खाड़ी में बने नए लो-प्रेशर एरिया से अगले दो दिनों में इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग में भी तूफानी बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। प्रदेश में इस सीजन में अब तक 31.3 इंच बारिश दर्ज हो चुकी है, जो सामान्य से 8 प्रतिशत कम है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- नर्मदापुरम जिले में वर्ष की तीसरी नेशनल लोक अदालत कल आयोजित होगी।
- आलीराजपुर में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शिविर में कैबिनेट मंत्री नागर सिंह चौहान ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं ।
- मंडला कान्हा टाइगर रिजर्व में आज राष्ट्रीय वन शहीद दिवस श्रद्धा पूर्ण वातावरण में मनाया गया।
- मुरैना मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के तहत ग्राम खाण्डोली में शिविर आयोजित किया गया।
- खंडवा में कल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में देश की 40 प्रतिष्ठित कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।
- मंदसौर जिला चिकित्सालय में अत्याधुनिक माइक्रोबायोलॉजी और हिस्टोपैथोलॉजी लैब का शुभारंभ किया गया ।

- मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 ,मुख्य सचिव ने धार में कन्या आवासीय परिसर एवं मेडिकल कॉलेज निर्माण स्थल का किया निरीक्षण।

..............................